संख्या-283/2015-3076/नौ-5-15-1बजट/2015

प्रेषक,

रंग बहादुर सिंह
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उत्तर प्रदेश जल निगम,
लखनऊ ।

नगर विकास अनुभाग- 5 लखनऊ दिनांक 13 अगस्त, 2015

विषय: वित्तीय वर्ष 2015-2016 में राज्य सेक्टर कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद के लिए पुनर्गठन पेयजल योजना हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा प्रथम किश्त की धनराशि को अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-143/नागर-2/033-304/15, दिनांक-16.05.2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य सेक्टर कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद के लिए पुनर्गठन पेयजल योजना हेतु व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत रू0 9717.00 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ ही प्रथम किश्त के रूप में रू0 3886.00 लाख (रू0 अड़तीस करोड़ छियासी लाख मात्र) की धनराशि श्री राज्यपाल एतदद्वारा निम्नलिखित शर्तो के अधीन अवमुक्त किये जाने पर सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :-

(1) स्वीकृत धनराशि प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम लखनऊ तथा सचिव/विशेष कार्याधिकारी /उप सचिव, नगर विकास विभाग के प्रतिहस्ताक्षरयुक्त बिल प्रस्तुत करके कोषागार/भारतीय स्टेट बैक से आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक/डाकघर /पीएलए/डिपोजिट खाते में नही रखी जायेगी।

(2) कार्य पूर्ण होने पर कार्य के सम्परीक्षित लेखे शासन को अवश्य उपलब्ध कराया जायेगा ।

(3) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्त पुस्तिका के सुसंगत प्रावधानों/समय-समय पर निर्गत शासनदेशो के अनुरूप किया जायेगा।

(4) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा मे उसी कार्य/मद में किया जाय। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जाय।

(5) निष्प्रयोज्य होने वाले उपकरणों/सामग्री से प्राप्त धनराशि राजकोष में जमा करना सुनिश्चत किया जाय ।

(6) परियोजना को पूर्ण कराते हुए परियोजना तत्काल सम्बन्धित नागर निकाय को हस्तान्तरित किया जाय।

(7) इस शासनादेश में वित्त विभाग द्वारा विशिष्ट शर्तो का अनुपालन विभागों उपक्रमों में तैनात वित्त नियंत्रक/ मुख्य/वरिष्ठ/लेखाधिकारी अथवास हायक लेखाधिकारी जैसी भी स्थिति हो, सुनिश्चिम करेंगे । यदि निर्धारित शर्ते का किसी प्रकार का विचलन हो, तो सम्बन्धित वित्त नियित्रंक इत्यादि का दायित्व होगा कि उनके द्वारा उनके द्वारा मामलों की सूचना पूर्ण विवरण सहित वित्त विभाग को दे दी जाय।

go finance mangal font

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-2016 के आय- व्ययक के अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत आयोनागत लेखाशीर्षक "2215-जल पूर्ति तथा सफाई 01-जलपूर्ति-101-शहरी जलपूर्ति कार्यक्रम-06-पेयजल हेतु व्यवस्था-35-पूँजीगत परिसम्पतियों के सृजन हेतु अनुदान के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशाकीय पत्र संख्या-ई-8-2278/दस-2015, दिनांक 13 अगस्त 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है ।

भवदीय

(रंग बहादुर सिंह)
उप सचिव।

संख्या-283/2015-3076(1)/नौ-5-15-1बजट/2015

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (वर्क्स लेखा अनुभाग), उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- जिलाधिकारी, लखनऊ/फिरोजाबाद ।
3- कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट कोषागार, लखनऊ।
4- निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
5- अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद।
7- मुख्य अभियंता (आगरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, आगरा ।
9- अधीक्षण अभियंता, दशम मण्डल, उ0प्र0 जल निगम, आगरा।
10- अधिशासी अभियंता, अस्थायी निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम फिरोजाबाद।
11- वित्त (ई-8) अनुभाग/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2 एवं नियोजन अनुभाग- 3/4
12- गार्ड फाइल/ कम्प्यूटर सेल।

आज्ञा से,

(रंग बहादुर सिंह)
उप सचिव।

go finance mangal font

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2015-2016

आवंटन दिनांक-13/08/2015

प्रेषण संख्या:- 283

आवंटन आदेश संख्या:- 001-283-2015-3076-9-5-15-1Bud-15

अनुदान संख्या:- 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2015-2016 का आवंटन)

लेखाशीर्षक:- 2215 - जल पूर्ति तथा सफाई(आयोजनागत-मतदेय)
01 - जलपूर्ति
101 - शहरी जलपूर्ति कार्यक्रम
06 - पेयजल हेतु व्यवस्था

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		35-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान	योग
1	लखनऊ कलेक्ट्रेट -6015-- , --01--	वर्तमान प्रगामी	388600000 435180000	388600000 435180000
	योग	वर्तमान प्रगामी	388600000 435180000	388600000 435180000

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया अड़तीस करोड़ छियासी लाख

महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया तियालीस करोड़ इक्यावन लाख अस्सी हजार

(उमा शंकर सिंह)
विशेष कार्याधिकारी